हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


10 पालीताना में ह खरतरगच्छ का सहस्राब्दी महोत्सव...





11 सड़क निर्माण के लिए काटी गई पहाड़ी, डंप कर...




## खबर संक्षेप

### ग्राम अछोटी में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन 30 से

**अंडा।** नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वावधान में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन का आयोजन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी में 30 दिसंबर से किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। कथा वाचक कामता प्रसाद शरनजी महाराज, जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार कुडेरा दादर गरियाबंद होंगे। सरपंच घनश्याम दिल्लीवार व मधू साहू ने बताया कि नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी व आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम ओड़ासकरी में मड़ई मेला 30 को

**अंडा।** ग्राम ओड़ासकरी में मड़ई मेले का आयोजन 30 दिसम्बर को रखा गया है। होरीलाल देशमुख ने बताया कि मड़ई मेले के अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक नाचा पार्टी ग्राम घीना का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### डांडेसरा में एनएसएस का विशेष शिविर 31 से

**गुरूर।** शासाकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की एनएसएस इकाई का 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन स्वच्छता व नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम के तहत ग्राम डांडेसरा में किया जाएगा। शिविर में 50 स्वयं सेवक भाग लेंगे।

**लापरवाही :** डौंडी विकासखंड में जिला खनिज न्यास निधि की राशि में गड़बड़ी की आशंका

# मधुमक्खी पालन के लिए खरीदी गईं 350 पेटियां 43 कबाड़ की तरह पड़ी हैं, बाकी का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी में जिला खनिज संस्थान निधि की राशि का प्रशिक्षण के नाम पर बंदरबाट थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालोद जिला खनिज संस्थान निधि (डीएमएफ) से 30 सितम्बर 2021 को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन व प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं आवश्यक कीट प्रदाय योजना के लिये 25.60 लाख रुपयो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की थी। जनपद पंचायत डोंडी द्वारा उक्त कार्य के संपादन के लिए ऋषिकेश एजुकेशन सोसायटी धनोरा दुर्ग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए 2 नवंबर 2021 को कार्यादेश जारी किया गया था। उक्त कार्य के सम्पादन में लगे एक बिल के अनुसार मधुमक्खी पालन बाक्स छत्ते सहित खरीदे गये 350 पेटी में लगभग 43 पेटी ग्राम पंचायत ठेमाबुज़ुर्ग के गौठान में खुले में कबाड़ के रूप में पड़ा हुआ है, बाकी पेटियां कहां हैं, यह न तो स्व सहायता समूह के सदस्यों को मालूम है और न ही अन्य स्व सहायता समूहों को। इब इससे आशंका यह जताई जा रही है कि पेटी खरीदी का बिल लगाकर शासकीय राशि का गबन तो नहीं कर लिया गया। इसी तरह कार्ययोजना में 40 हितग्राहियों को 30 दिन का प्रशिक्षण दिया जाना था, किंतु क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा पाम्पलेट प्रिंटिंग 1,04,000 नग व बाउचर प्रिंटिंग 10,000 नग का बिल राशि 2,08,950 रुपये का बिल सहित प्रिंटिंग मटेरियल का 45,000 रुपये का व कॉपी,पेन,नोट्स प्रिंट का 21,000 रुपये का बिल लगा है। उक्त सामग्री के वितरण के संबंध में स्व सहायता समूह के सदस्य नहीं मिलने की बात कह रहे हैं तो लगभग 2.74 लाख रुपये का पाम्पलेट, बाउचर, प्रिंटिंग मटेरियल, कॉपी, पेन, नोट्स प्रिंट का वितरण कहां-कहां किया गया, सहित उक्त कार्य में लगे बिलों का ▶▶| शेष पेज 11 पर




### मामले की जांच होनी चाहिए : अनिल

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि उक्त योजना के तहत मधुमक्खी पालन के लिए 350 पेटी खरीदी का बिल लगाया गया है। लेकिन, बिल के अनुरूप ठेमाबुज़ुर्ग के गौठान में रखी पेटियों की संख्या काफी कम है। इससे मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन/प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं आवश्यक किट प्रदाय की योजना में स्वीकृत राशि की बंदरबाट किया जाना प्रतीत हो रहा है। इस मामले की जांच की जानी चाहिए।

### सल्हाइटोला के गौठान में दिया गया था प्रशिक्षण

सल्हाइटोला के स्व सहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि सल्हाइटोला के गौठान में लगभग छह-सात दिन प्रशिक्षण दिया गया था। मधुमक्खी पालन के लिए गौठान में बड़ पेड़ के नीचे कार्य भी चालू कर दिया। हमारे समूह को 20 पेटी दिया गया था व उसके साथ कुछ सामान भी दिया गया था। लगभग 18 माह पहले तत्कालीन कलेक्टर गौठान के निरीक्षण में सल्हाइटोला पहुंचे, तो गौठान में मधुमक्खी पालन को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए मधुमक्खी पालन के पेटी को अन्यत्र जगह ले जाने के निर्देश दिए थे, क्योंकि गौठान में अनेक योजनाएं संचालित थीं। उसके दूसरे दिन मधुमक्खी पालन की पेटियों को ठेमाबुज़ुर्ग के गौठान में भेज दिया गया, जहाँ पूर्व से ही ठेमाबुज़ुर्ग के स्व सहायता समूह के सदस्यों को दी गई मधुमक्खी पालन की पेटियां रखी हुई थीं। तब से लगभग 43 पेटियां कबाड़ की तरह खुले में ही पड़ी हैं। मधुमक्खी पालन योजना से जुड़ी ठेमाबुज़ुर्ग की स्व सहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि हमें मधुमक्खी पालन की लगभग 20 पेटी सहित शहद निर्माण की कुछ सामग्री प्रदाय की गयी थी। नोट बुक, पाम्पलेट सहित प्रचार की कोई सामग्री प्रदान नहीं की गई।

## तापमान बढ़ा, ठंड से राहत



**बालोद।** जिले में बीते दो–तीन दिनों से ठंड का असर कम देखने को मिल रहा है। मौसम में ठंडकता की कमी से तापमान में आंशिक बढ़ोतरी हुई है। दिन का तापमान और रात के तापमान में भी वृद्धि होने से लोगों को ठंड का अहसास कम हो रहा है। हालांकि ठंड के मौसम को बीतने में अभी एक माह का यानि कि पूरे जनवरी माह का समय बचा हुआ है। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है। हालांकि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड कम पड़ रही है। हालांकि जिलेवासियों को आगामी एक माह तक ठंड का अहसास होगा, उसके बाद फरवरी लगते ही मौसम में बदलाव होने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होगी और गर्मी की शुरुआत होगी।

## 86 हजार किसानों से खरीदा 3.5 मी. टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 49 हजार 187 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 86 हजार 406 किसानों द्वारा कुल 3 लाख 58 हजार 969 मैट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। इसकी खरीदी कुल राशि 786 करोड़ 61 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 2 लाख 89 हजार 824 मैट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसमें से 2 लाख 20 हजार 358 मैट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 38 हजार 611 मैट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 5423 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 22,212 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।



■ केंद्रों से 2 लाख 20 हजार 358 मैट्रिक टन का हुआ उठाव


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100





## खबर संक्षेप



### जिले के ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को दिलाएं शासन की योजनाओं का लाभ

**बालोद।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में डॉ. श्रीवास्तव ने जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत रसोई गैस सिलेण्डर का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त की राशि का वितरण आदि के अलावा किसान सम्मान निधि, किसानों क्रेडिट कार्ड बनाने आदि विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने के निर्देश भी दिए। डॉ. श्रीवास्तव ने जिला खाद्य अधिकारी से धान खरीदी के कार्य के प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में स्वामित्व योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। समय–सीमा की बैठक में आज क्रेडा के प्रभारी अधिकारी के द्वारा अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने के लिए शपथ भी दिलाई।

### नगर में पहली बार लगा अंगदान नेत्रदान महादान शिविर



**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ स्वयंसेवयिका कल्पना बम्बोडे.ने 28 दिसंबर को UNHR COUNCIL के तत्वावधान में दल्ली राजहरा में प्रथम बार अंगदान नेत्रदान महादान शिविर आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेविका कल्पना ने मानवता का परिचय देते हुये हृदयदान की घोषणा की। उनके इस पुनीत कार्य के लिए UNHR ने सराहना की। स्वयंसेविका कल्पना ने कहा कि उनका कण-कण मातृ भूमि को समर्पित है, उनका हमेशा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक क्षण समाज में अपनी सेवा प्रदान करती रहे। वे पहले भी नेत्रदान की घोषणा कर चुकी हैं और रक्तदान जागरूकता फैलाने के प्रयास में उन्होंने चार बार सवैक्षिक रक्तदान भी किया।

### 2 साल का बोनस लेने सरकारी केंद्रीय बैंक में लग रही भीड़



**डौंडीलोहारा।** भाजपा सरकार के सत्ता में आते ही अपने किए गए वादे जिसमें 2 साल के बोनस को देने की घोषणा की गई थी। अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन सुशासन दिवस पर सभी किसानों के खाते में में राशि डाली गई, जिसके आहरण हेतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा डौडीलोहारा में किसानों की भारी भीड़ लग रही है। कई किसानों को सुबह से लेकर शाम तक अपने पेमेंट को निकालने का इन्तजार करना पड़ रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के लिए 52.79 करोड़ तथा शाखा में 9.47 करोड़ राशि किसानों के खातों में भेजी गई है, जिसका वितरण किया जा रहा है। जो किसान मृत हो गए हैं उनके नाम से पैसा आया है उनका भी निराकरण किया जा रहा है।

# मित्रता में अमीर व गरीब का भेद नहीं होता, विपत्ति में होती है मित्रता की पहचान : पं. कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## ग्राम सांकरा में श्रीमद् भागवत कथा जारी





बालोद-धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम सांकरा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत कथा सुनाई जा रही है। यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से डीडी साहू, बसंता साहू द्वारा आयोजित है, जहां ग्राम देमार वाले प्रवचनकर्ता पंडित कमलेश शास्त्री एवं पंडित मुरली शर्मा पारायणकर्ता है। भागवत कथा में भागवत आचार्य ने सुदामा चरित्र कथा प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने भागवत कथा में बताया कि मित्रता में अमीर व गरीब का भेद नहीं होता, बल्कि मित्रता की पहचान विपत्ति में होती है। मित्रता श्री कृष्ण सुदामा जैसी होनी चाहिए। भागवत आचार्य ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी मित्रता को निभाने के लिए गरीब सुदामा को दौड़कर अपने महल में लाकर अपने सिंहासन पर बैठाया तथा उनके चरणों को अपने हाथों से धोया। भगवान इतने दयालु एवं कृपालु है कि उन्होने सुदामा की पत्नी द्वारा दिए गए चावल में से दो मुट्ठी चावल खाकर सुदामा को दो लोकों का वैभव प्रदान कर देते हैं। भागवत आचार्य ने कहा कि अगर मित्रता हो तो श्री कृष्ण सुदामा जैसी होनी चाहिए। इसके पहले भागवत आचार्य ने सती शिव चरित्र, धुरव चरित्र, वराह अवतार, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार, रामकृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्णा बाल लीला, दही लूट, कंस वध, रुक्मणी विवाह कथा प्रसंग के बारे में भी वर्णन कर भक्तों को बताया था।

## महोत्सव : डौंडीलोहारा सहित छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयायी हुए शामिल

# पालीताना में ह खरतरगच्छ का सहस्राब्दी महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जैन धर्म का 1000 वर्षों से परचम लहराने वाले खरतरगच्छ का सहस्त्रशताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन चतुर्विद संघ की उपस्थिति में आदिनाथ परमात्मा के निर्वाण स्थली पालीताना में मंगलवार को हुआ।

छत्तीसगढ़ की माटी में जन्मे पले बढ़े आचार्य भगवंत जिन पीयूष सागर जी की निश्रा में आयोजित महोत्सव में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने खरतरगच्छ के संस्थापक परम पूज्य जिनेश्वर सूरी जी महाराज के नाम भारत सरकार द्वारा जारी 1000 रूपये की रजत सिक्का एवम डाक टिकिट का विमोचन कर आचार्य भगवंत जिन पीयूष सागर जी के हाथों अर्पित किए।

इस अवसर पर डाक विभाग के पोस्ट मास्टर जनरल बाईएल सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समीपस्थ ग्राम नवागांव वाले सेठ पन्नालाल गोलछा द्वारा 210 तीर्थ यात्रियों का संघ सहित डौंडीलोहारा राजनांदगांव संघ आदि से गए छत्तीसगढ़ के बारे जामगांव आर, सुरपा, बीजा, साजा, दुर्ग, रायपुर, बालोद, डोंगरगढ़, जैन संघों सैकड़ों धर्म प्रेमियों ने महोत्सव में शामिल होकर साक्षी बने। महोत्सव का लाइव प्रसारण हुआ हजारों लोगो ने लाभ उठाया। संघ पति पन्नलाल पारस बाई सहित भक्तो ने शत्रुंजय शिखर पहुंचकर आदिनाथ भगवान का पूजा अर्चना किए।



### शत्रुंजय शिखर पर की भगवान आदिनाथ की पूजा

साश्वत सागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए महोत्सव और जीवन शैली पर प्रकाश डाला। संचालन कैव्यलाधाम जैन तीर्थ कुम्हारी के ट्रस्टी आयोजक समिति के महामंत्री सुपारस गोलछा ने किया। छत्तीसगढ़ से पालीताना पहुंचे श्री संघों के सदस्यों ने शत्रुंजय शिखर पर 2000 सीढ़ियों सफर कर भगवान आदिनाथ का दर्शन पूजन वंदन किए और विविध धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी।

### 1000 वर्ष बाद आज भी गच्छ प्रासंगिक


विक्रम संवत 1080 में स्थापित खरतरगच्छ के चल रहे विक्रम संवत 2080 में 1000 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थापक जिनेन्द्र सूरी महाराज के नाम भारत सरकार द्वारा जारी 1000 रुपये के रजत सिक्का एवं डाक टिकिट का विमोचन करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि 1000 वर्ष कम नहीं होता। इतने लंबे वर्षो तक धर्म के सिद्धांत को मूल स्वरूप मे जीवित रखना और समाज में सिद्धांत को पिरोते रहना त्याग तपस्या के मूर्तिमान साधु संतो साध्वियों के कारण संभव हुआ है।

### जैन धर्म विश्व को सुख का रास्ता दिखाने में सक्षम

राज्यपाल ने कहा कि जैन धर्म भारत का प्राचीन धर्म और सारभौमिक सिद्धांत पर आधारित धर्म है। अहिंसा सत्य त्याग तपस्या अपरिग्रह के रास्ते मानव को जीवन में कुंदन बनने की कला जैन धर्म सिखाती है। मन वचन काया से किसी का दिल नहीं दिखाना यह कला जैन धर्म सिखाता है। यह धर्म विश्व को सुखी बना सकता है।कामयाब बना सकता है। इस धर्म के अनुयायी वचन के आधार पर सदियों से लाखो करोड़ों का व्यापार करते आ रहे है।

# ड्रोन से खेतों में यूरिया का छिड़काव, किसानों ने जानी तकनीक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 5 मिनट में एक एकड़ में डाली खाद

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विकासखण्ड के ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ओझागहन में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किसान के खेत में किया गया। इस नई ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में ग्रामीणों को बताया गया।

उप संचालक कृषि जीएस. धुर्वे ने बताया कि अब तक जिले के 37 ग्रामों में ड्रोन प्रदर्शन के माध्यम से नैनो यूरिया, डी.ए.पी. का फसलों में छिडकाव किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ड्रोन की उपयोगिता देखकर सभी किसान व ग्रामीण उत्साहित हुए। साथ ही उनके द्वारा इसके उपयोग के लिए इच्छा व्यक्त भी किया जा रहा है। पी सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक कारगर है। यह लगभग 5 मिनट में 1 एकड़ का छिड़काव कर सकता है। इसके साथ ही ड्रोन से रसायनों का छिड़काव समान रुप से होता है जिससे फसलों को उर्वरक व दवाई की समान मात्रा मिलती है।

# सड़क हादसे में एक पशु की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पांच साल में सड़क छुर्घटना में कई पशुओं ने गंवाई जान

सड़क दुर्घटनाओं में घुमंतू पशुओं की मौत और घायल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भी सड़क हादसे में एक पशु की मौत हो गई। जिला मुख्यालय में तड़के सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही गाय को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए गाय को टक्कर मार दिया।जिसके कारण गाय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मामले में ट्रक चालक के खिलाफ कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

**सड़कों पर आवारा पशुओं की बढ़ रही संख्या-** आपको बता दें कि जिले में घुमंतू पशुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। बीते करीब 5 सालों से जिले की तमाम सड़कों पर पशुओं का झुंड दिखाई दे रहा है। वहीं पशुओं के सड़क पर होने से दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। अब तक सैंकड़ों सड़क हादसे पशुओं के सड़क पर होने से हो चुके हैं। जिसका खामियाजा वाहन चालकों व पशुओं को भी अपनी जान गंवानी पड़ी है। घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाकर गौशाला व कांजी हाउस रखने से लेकर पशु पालकों को नोटिस तथा कार्रवाई करने के बावजूद यह बड़ी समस्या अब तक दूर नहीं हुई है। प्रशासन को इस समस्या से निजात दिलाने ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

### पशुओं को कत्लखाना ले जाना तस्करों के लिए आसान




जिला मुख्यालय से लेकर पड़ोसी जिलों को जोड़ने वाली प्रमुख मार्गों में घुमंतू पशुओं का झुंड आसानी से देखा जा सकता है। जिले में पशु तस्करी का लगातार मामला सामने आने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि तस्करों को इस कारोबार को अंजाम देने में आसान तरीका सड़क पर बैठे पशुओं को अपने वाहनों में बैठा दिया जाता है, जिसके बाद उसे कत्लखाना ले जाया जाता है। हालांकि कई बार गौरक्षक की टीम तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर देते हैं और उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले करते हैं। लेकिन घुमंतू पशुओं का जब तक सड़क पर जमावड़ा रहेगा तस्करों को अपना कारोबार अंजाम देने आसानी होती रहेगी।

# हथौद में मनाई गई श्रीमद् भगवद्गीता जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला की वेदान्त उर्वरा तीर्थ भूमि महर्षि मुक्ताश्रम हथौद में पिछले 24 वर्षों से प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और योग वेदांत सेवा समिति जिला बालोद द्वारा श्रीमद् भगवद्गीता जयंती का आयोजन किया गया।

मोक्षदा एकादशी को प्रातः श्रीमद् भगवद्गीता माता, भगवान योगेश्वर कृष्णजी एवं व्यास पूजा मनोज शर्मा हुई, साधकों द्वारा भगवद्गीता का आद्योपांत परायण किया गया, इस वर्ष परायण में संस्कृत भारती के प्रमुख प्राध्यापक आत्मानंद विद्यालय राकेश तिवार के साथ अन्य संस्कृत के आचार्य गण उपस्थित रहे। दोपहर में संत आसाराम बापू की शिष्या साध्वी सुशीला बहन द्वारा गीता भागवत सत्संग प्रवचन प्रारंभ हुआ। प्रवचन में दीदी ने कहा कि पांच कर्मेंद्रियां, पांच ज्ञानेंद्रियां और एक मन को संयमित करने का व्रत का नाम ही एकादशी है। विश्व ब्रम्हांड में श्रीमद् भगवद्गीता ही एकमात्र ग्रंथ है जिसकी जयंती मनाई जाती है। गीता हमारे जीवन का दर्शन और दर्पण है। इस आयोजन को सफल बनाने में योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष डाक्टर भागवत साहू, उपाध्यक्ष जनक हिरवानी, सचिव लोकेश्वर देवदास, भोला भाई, चुम्मन हिरवानी, अशोक साहू, लक्ष्मण साहू, मुक्ताश्रम न्यास हथौद से अध्यक्ष गोविंद साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव पवन साहु,लखन मंडावी, राम भरोसा साहू, बुटुभगवान, संतोष सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, ओमप्रकाश गजेन्द्र, पचपेड़ी, भेड़िया नवागांव, अंगारी,चारामा, सहित आसपास के सत्संगियों की विशेष भूमिका रही।

**गीता ज्ञान परीक्षा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा-** इस अवसर पर गीता ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद के किशोर वर्ग में प्राची पटेल कक्षा दसवीं एवं धनंजय साहु कक्षा दसवीं संयुक्त रूप से प्रथम, पल्लवी पाण्डेय कक्षा दसवीं द्वितीय, हेमांशी यादव कक्षा दसवीं एवं तुषार सिन्हा कक्षा दसवीं संयुक्त तृतीय बाल वर्ग में आयुष राणा कक्षा सातवीं एवं पुष्पांजलि साहू कक्षा आठवीं संयुक्त प्रथम खिलेन्द्र साहू सातवी एवं डिम्पल कोर्राम आठवीं संयुक्त द्वितीय, राहुल पाण्डेय सातवीं एवं दर्शना ठाकुर सातवीं संयुक्त तृत्तीय, शिशु वर्ग में कु सोनाक्षी साहू चतुर्थ प्रथम, मुस्कान नेताम चतुर्थ द्वितीय, श्रृष्टि मिश्रा सप्तम प्रियंका देवांगन संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किये, जिन्हें साध्वी सुशीला बहन द्वारा स्मृति चिन्ह, कैलेण्डर श्रीमद् भगवद्गीता ग्रंथ से सम्मानित किया गया।

# 889 आयुष्मान कार्ड, 74 रसोई गैस कनेक्शन का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 889 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 74 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 73 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 76 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 68 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 38 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कजराबांधा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 26 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 14 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी तरह ग्राम मटिया ह में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 18 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम आड़ेझर में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 06 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 19 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 8 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम कोटागांव में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 04 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 4 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ओझागहन में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 43 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 8 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 22 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। ग्राम सनोद में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 5 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 25 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया।

### पीएम की योजनाओं के लिए सैकड़ों ने कराया पंजीयन

**बालोद विकासखंड-** शिविर में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 65 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 26 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 5 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम लिमोरा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 60 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 20 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

**डौण्डीलोहारा विकासखंड-** डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम राघोनवागांव में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 77 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 11 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 7 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 14 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम रीवागहन में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 38 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 9 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। ग्राम कोड़ेकसा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 341 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 15 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 4 किसानों का आवेदन लिया गया। इसी तरह ग्राम चिखली में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 15 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 8 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में जिले के सुदूर अंचलों एवं विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे थे। डॉ. श्रीवास्तव ने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के आवेदनों के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विकासखण्ड बालोद के झलमला निवासी प्रेमबती ठाकुर अपनी जमीन की सीमांकन कराने तथा ग्राम सोंहतरा निवासी सीता बाई ने मानसिक रोग से ग्रस्त दोनों बच्चों के ईलाज हेतु सहायता राशि प्रदान करने, ग्राम बघमरा निवासी सुश्रुवा ने अपने घर में शौचालय निर्माण कराने की मांग की। इसी तरह ग्राम जमरूवा निवासी नीलम सारथी, माधुरी सारथी एवं नेहा सारथी ने राशनकार्ड बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सरबदा से पहुँची प्रियंका साहू ने पढ़ाई जारी रखने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की मांग की। इसी तरह पथराटोला के ग्रामीणों ने अपने गांवों में अतिक्रमण हटाने की मांग की। जनदर्शन में पहुँचे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम रायपुरा के दिव्यांग युवक अचरू राम ने दिव्यांग पेंशन स्वीकृत करने की मांग की।

### सीएम का भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ ने किया अभिवादन

**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उनका अभिवादन किया। बता दें कि भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष योगेश रावत की अध्यक्षता में विगत दिनों हुई। इसमें प्रदेश के 16 जिलों के अध्यक्ष और महासचिव को नियुक्ति दी गई। नियुक्ति भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एसआर कांडे तथा प्रदेश महासचिव भोजराज गौरखेड़े की अनुशंसा से की गई।

बैठक में दो प्रदेश उपाध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश रावत तथा महासचिव संदीप डोंगरे ने बताया कि रायपुर जिलाध्यक्ष प्राण सोनटक्के और महासचिव प्रदीप मेश्राम को बनाया गया। दुर्ग का जिलाध्यक्ष शेखर पाटील और महासचिव लोकेश रंगारी, महासचिव रवि गेडाम को नियुक्त किया गया।

# हल्बा-हल्बी समाज ने सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया जोर

## समाज की कुसुमकसा इकाई द्वारा किया गया शक्ति दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज ग्राम कुसुमकसा द्वारा शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के शहीद गैंद सिंह नायक भवन मे हलबा समाज के ग्राम प्रमुख धरम सिंह पिस्दा एवं शंकर पिस्दा द्वारा मां दंतेश्वरी के छायाचित्र का पूजन अर्चन एवं ध्वजारोहण कर कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के सभी वार्डों बस स्टैंड, शांति चौक, क्रांति चौक, दीप चौक, आमापारा, गैरेज पारा, तालाब पारा भ्रमण कर वापस गैंद सिंह नायक भवन पर पहुंची। इस दौरान सभी वार्डों में इस शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शांति चौक में सामाजिक सदस्यों द्वारा शरबत वितरण किया गया। दीप चौक में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा बिस्कुट वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा मां दंतेश्वरी का पूजन अर्चन कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि भागवत धालेंद्र अध्यक्ष, धरम सिंह पिस्दा, विशेष अतिथि देवेन्द्र माहला बालोद, पंवारा कोठारी, शंकर लाल पिस्दा, भोजराज कुलार्य, शंकर कोठारी, खेमलता पिस्दा, सर्किल अध्यक्ष कीर्तन रावटे सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन भूआर्य, सोमनाथ रावटे, घनाराम चिराम, नरेंद्र कोलियारे, बालूराम माहला, देवीलाल रावटे, नरोत्तम रावटे, हीरा लाल प्रधान, तुकाराम पिस्दा, दसरू राम धलेंद्रा, दरक रावटे, देवलाल पिस्दा, संतु रावटे, गंगाधर लेडिया, कमलेश ताराम, हेमलाल रावटे, श्री मती सोन बती बढ़ाई, अमरो तीन बाई, रूपो तीन अंधिया, देवकी चीराम, भुनेश्वरी किरसान, गुलापी बाई, प्रमिला चुरेंद्र, अश्वनी पिस्दा, नारायण कोठारी, यशवंत गांवरे, रोहित मासिया, शंकर धनेंद्र मनीराम मसिया, योगेश कोठारी, यज्ञ कुमार, दिनेश कोठारी, खोर बाहरा तारम, किशोर, गुलेंद्र गावरे एवं समाज के सभी परिवार उपस्थित रहे।



### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति


इस दौरान समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से मन मोह लिया। अतिथियों द्वारा सामाजिक एकता पर जोर देते हुए बच्चों को शिक्षित करने तथा नशापान से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर समाज की प्रतिभावान छात्रा कनिका पिस्दा, कमलकांत पिस्दा एवं हिमानी तारम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश रावटे एवं नंदकिशोर पिस्दा ने किया।

## लापरवाही : ग्राम दानीटोला के पास किया जा रहा सड़क निर्माण

# सड़क निर्माण के लिए काटी गई पहाड़ी, डंप कर दिए पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में ग्राम दानीटोला के समीप पहाड़ी को काटकर बन रही सड़क में निकले गौण खनिज पत्थरों को दानीटोला, बोरिद व गुजरा में निर्माण एजेंसी द्वारा डम्प किया गया है। चट्टान काट कर निकला पत्थरों (गौण खनिज) को इधर-उधर फेंकने के लिये वन विभाग, खनिज विभाग अनुमति प्रदान की है या नहीं, चट्टान काटकर निकाले गए पत्थरों को जहाँ-जहाँ रखा गया है। उन पत्थरों को अन्यत्र जगह परिवहन करने के लिये वन विभाग या खनिज विभाग का अनुमति व रायल्टी लगेगा या नहीं चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, निर्माण एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत दानीटोला के आश्रित ग्राम में चैन माउंटेन मशीन लगाकर बेख़ौफ़ अवैध मुरुम का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। इससे लगता है कि प्रशासन ने अवैध उत्खनन की खुली छूट दे दी हो।



दानीटोला ग्राम से लगे मुख्य मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर लम्बा चट्टान को काटकर राष्ट्रीय राज मार्ग 930 पर सड़क बनाई जा रही है। काटे गए चट्टान में हजारों ट्रीप गौण खनिज पत्थर निकाला गया, जिसकी नीलामी करने से शासन को लाखों रुपयों का राजस्व प्राप्त होगा। निकाले गए पत्थर कहां हैं, पत्थरों को रखने की जवाबदारी किसकी है, वन विभाग के अधिकारी सड़क बनाने के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग 930 को जमीन देने की बात कहते हुए निकाले गए पत्थरों पर वन विभाग का अधिकार नहीं होने की जानकारी दे रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी मोबाइल नहीं उठाने से जानकारी नहीं मिल पाई।

मिली जानकारी के अनुसार कुसुमकसा से बालोद की सड़क पूर्व में दानीटोला के पहाड़ के किनारे से घुमावदार बनी हुई थी। उक्त मार्ग राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत सड़क उन्नयन व चौड़ीकरण कार्य में सड़क को सीधे बनाने के चलते वन विभाग के सीमा के अंदर की पहाड़ी को सड़क निर्माण के लिये राष्ट्रीय राज मार्ग को हस्तांतरित किया गया व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के निर्माण एजेंसी द्वारा चट्टानों को काटकर सड़क निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन निर्माण एजेंसी के द्वारा किए जा रहे अवैध मुरुम, मिट्टी उत्खनन पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी तरह ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए ग्राम दानीटोला, बोरिद, गुजरा, करियाटोला सहित अन्य ग्रामों में कई जगह पर बिना वैध अनुमति के अवैध रूप से मुरूम उत्खनन की भी शिकायतें लगातार आ रही हैं, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हुआ है। अगर सड़क निर्माण में नियमनुसार मुरुम का उत्खनन होता तो ग्रामों में भी रायल्टी की राशि आती और कई गांव में इस रॉयल्टी से स्कूल, शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क, पेयजल का काम होता। किंतु प्रशासन के आलाधिकारी के उदासीनता के कारण क्षेत्र के कई गांव मिलने वाले रॉयल्टी से भी वंचित हो गए ।

# मील का पत्थर साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकसित भारत संकल्प यात्रा वनांचल क्षेत्र खडबत्तर पहुंचने पर ग्रामीण जनता खुशी से झूम उठे। जैसे ही रथ यात्रा मंच के पास पहुंचा लोगों का हुजूम उमर पड़ा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गैंद सिंह कोमरे थे। अध्यक्षता सुषमा लोहिया ग्राम की सरपंच ने की। विशेष अतिथि के रूप में धीरपाल सिंह मेरिया, रमन सिंह, देवाराम, रीमा भंडारी, अनीता सलामे, चिंताराम चिरामें, जैत लाल नेताम, तिजई बाई तथा नेहरू लाल थे। इस संकल्प यात्रा में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे, जिन्होंने आम जनता की समस्याओं का निवारण किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ चोरका बीएमओ डौंडीलोहारा की पूरी टीम मौजूद थी। उनके द्वारा सिकलिन, शुगर, बीपी संबंधी जानकारी व समस्याओं का निराकरण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक डौंडीलोहारा की ओर से होरी सिंह पहुंचे। उनके द्वारा बैंक संबंधी जानकारी दी गई व समस्या का निराकरण किया गया। पोस्ट ऑफिस डिपार्टमेंट कोडेकसा की ओर से सूर्यकांत और उनकी टीम पहुंची, जिन्होंने पोस्ट ऑफिस संबंधी जानकारी दी। शिक्षा विभाग की ओर से आलोक जोशी, हेमलाल बंजारे, भारती, श्याम सिंह आदि शिक्षक मौजूद थे। जिन्होंने शिक्षा संबंधी जानकारी दी व समस्याओं का निवारण किया। पंचायत भवन में आधार कार्ड व स्मार्ट कार्ड का भी निराकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व संपादन डॉ. बीएल साहसी व्याख्याता ने किया। डॉ. साहसी ने स्वच्छता से संबंधित शपथ उपस्थित समस्त आम जनता व अधिकारी व कर्मचारीयों को दिलायी। इस अवसर पर श्याम सिंह लोहिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मिल का पत्थर साबित होगी। श्रीमती लोहिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा रामराज लाने का प्रयास है जो 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में देश की गिनती होगी जो हम सबके लिए एक बहुत बड़ी बात होगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन बच्चों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। साथ में वहा की जितने भी हितग्राही थे जैसे पेंशन से संबंधित, धान से संबंधित, स्मार्ट कार्ड से संबंधित आधार कार्ड संबंधित आदि अपनी बातों को यहां पर ग्रामीण जनता जिन्हें इसका लाभ मिल रहा है के द्वारा बताने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव मानिकपुरी तथा गौतम सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

■ वनांचल के ग्राम खरबत्तर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# स्वयंसेवकों ने अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी, लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा (हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बन्ध) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम गुरेदा में किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष दिवस के छठवें दिवस विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में ग्राम पंचायत गुरेदा में आयोजित विशेष शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति के साथ समाज में नशामुक्ति और अंधविश्वास पर आधारित लघु नाटक का मंचन कर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य हेमंत निषाद संरपच ग्राम पंचायत गुरेदा, श्री प्रदीप सिन्हा उपसरपंच, उमाशंकर देवांगन पंच वार्ड नं 11 एवं कार्यक्रम अधिकारी डिगेन्द्र साहू, वामन साहू उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने उत्साह से किया सेवा कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों द्वारा सम्पूर्ण शिविर के दौरान शिविर नियमावली, समय सारणी के अनुसार बड़े उत्साह के साथ गंभीरता पूर्वक सेवा कार्य किया गया। शिविर में 60 स्वयं सेवक सम्मिलित रहे, स्वयं सेवकों को चार समूह में बांटकर दल प्रभारी के रूप में विवेकानंद ग्रुप से वीर शिवाजी ग्रुप, महाराणा प्रताप ग्रुप, भगतसिंह ग्रुप, चन्द्रशेखर आजाद ग्रुप से अलौकित से शिविर नायक यशवंत कुमार टंडन और उप शिविर नायक प्रणव तिवारी के नेतृत्व में शिविर की गतिविधि प्रसन्नता के साथ पूरा किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों को विभिन्न कलाओं के बारे में बताया। छठवें दिवस के बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में तोरण कुमार ने स्वयंसेवकों को विभिन्न कलाओं और विधाओं जैसे रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी दृश्य कला के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।



ग्राम गुरेदा में आयोजित एनएसएस शिविर का हुआ समापन

### राजनीतिक दलों की बैठक आज

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में 29 दिसम्बर को को दोपहर 1 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

## पेज 9 का शेष...

### मधुमक्खी पालन के...

बिंदुवार उच्चस्तरीय जांच किये जाने पर चौकाने वाले परिणाम आएंगे।

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि जनपद पंचायत डोंडी द्वारा 23 मार्च 2021 को कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास बालोद को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन/प्रसंस्करण, प्रशिक्षण एवं आवश्यक कीट प्रदाय हेतु प्रस्ताव भेजा था। साथ ही 25.60 लाख रुपए का कार्यक्रम क्रियान्वयन का स्वरूप भी भेजा गया था। उक्त प्रस्ताव पर खनिज संस्थान न्यास निधि से 30 सितंबर 2021 को प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई। सूचना के अधिकार से मिले दस्तावेजों से कार्य तो हुआ किन्तु कार्ययोजना के अनुसार हितग्राहियों को लाभ मिला, कितने हितग्राही शहद उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति सदृढ़ कर रहे हैं। कहीं, उक्त योजना भी सुगडिगहन के बांस हस्तकला प्रशिक्षण ,सब्जी ,मसाला विकास प्रशिक्षण कार्यो के सम्पादन से हितग्राहियों को तो कोई लाभ नहीं मिला। आखिर आदिवासी क्षेत्र के हितग्राहियों के लिये डीएमएफ मद की राशि कहां जा रही है। जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति तो नहीं है। शिकायतों के बाद भी अधिकारी जांच क्यों नहीं की जा रही है। उन पर किसका दबाव है। आदिवासी अंचल में चर्चा का विषय बना हुआ है, जो चुनाव के समय आदिवासी विकासखण्ड की जनता हिसाब तो मांगेगी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### बोड़रा में विहिप व बजरंग दल की इकाई गठित

**गुरूर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम बोड़रा में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का गठन किया गया। जिसमें बजरंग दल संयोजक त्रिलोचन सिन्हा, हरिओम, सहसंयोजक देवेंद्र साहू और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रंजीत साहू व उपाध्यक्ष मिश्री निर्मलकर को सर्वसम्मति से चुना गया है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष चौलेश कुमार देशमुख, जिला मंत्री जयंत साहू, अध्यक्ष लोकेश साहू, राकेश साहू, बजरंग दल संयोजक बंटी गंजी उपस्थित थे।

### भटगांव में गुरु घासीदास जंयती व मड़ई 31 को

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम भटगांव में सतनाम समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 31 दिसम्बर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं ग्राम में मड़ई का आयोजन किया गया। जिसके उपलक्ष्य में रात्रि को छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी की प्रस्तुति रखी गई है। सतनामी समाज के अध्यक्ष बिशेश्वर महिपाल ने बताया कि दोपहर 12 बजे से सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास की प्रभातफेरी व शोभायात्र निकाली जाएगी। इस अवसर पर ग्राम घुमका एवं स्थानीय सतनाम पंथी पार्टी की प्रस्तुति होगी।

### विधानसभा चुनाव 2023 लेखा समाधान बैठक आज

**बालोद।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के परिणाम की घोषणा के पश्चात प्रत्याशियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत किए जाने लेखा समाधान की बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में बैठक आयोजित गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि उम्मीद्वारों द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय के खातों के विवरण की जाँच व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाना है। उन्होंने बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने को कहा है।

### जिले के कई ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत 29 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन में सुबह 10 बजे, ग्राम करहीभदर में दोपहर 2.30 बजे में शिविर लगेगा। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गहिरानवागांव और ग्राम किल्लेकोड़ा में सुबह 10 बजे एवं मारें और झरनटोला में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम ओटेबंद में 10 बजे एवं ग्राम सिरसिदा में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के अरकार में 10 बजे एवं डोटोपार में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# समाज को पहचान दिलाने के लिए मिल-जुलकर कार्य करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

## गुरूर में हुआ अंतर जिला सनातन दशनामी गोस्वामी समाज का वार्षिक सम्मेलन





अंतर जिला सनातन दशनामा गोस्वामी समाज का वार्षिक सम्मेलन गायत्री प्रज्ञा पीठ श्री राम जानकी मंदिर गुरुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाल कर ग्राम दानीटोला की चौक चौराहों से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण कर मंदिर में समाप्त किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण कर, वृद्धजनों का सम्मान कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबागढ़ चौकी गुलाब भारती थे। विशेष अतिथि दीपक गिरी गोस्वामी, नीलम गोस्वामी, अर्जुन भारती, रामेश्वर गिरी, सचिव रणजीत पुरी गोस्वामी, संरक्षक देवराज गोस्वामी, उपाध्यक्ष बेलगांव कौशल गोस्वामी, कोष अध्यक्ष खिलावन गोस्वामी, महेश गोस्वामी, दुष्यंत गोस्वामी, भूषणपुरी गोस्वामी, कल्याणपुरी गोस्वामी, इंद्रजीत गोस्वामी, नंदिनी गोस्वामी, तोषण गोस्वामी, योगेश गोस्वामी, जितेंद्र गोस्वामी, जयभारत गोस्वामी रहे। इंद्रजीत गोस्वामी ने कहा कि हम सब मिलकर रहेंगे तो समाज अच्छा कार्य करेगा। समाज की विरासत आगे बढ़ेगी, कुरीतियां दूर होंगी, जिससे समृद्ध समाज का निर्माण होगा, हमें सामाजिक एकता की जरूरत है, समाज को कैसे आगे बढ़ाना है हमारी समाज को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मिल जुलकर कार्य करने की जरूरत है। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कहा यह आयोजन हमारे समाज की एकता का प्रतीक है, महिला प्रकोष्ठ समाज की दिशा और दशा को सुधारने और आगे बढ़ने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में सामाजिक बच्चों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण एवं आय व्यय की जानकारी के संबंध में चर्चा की गई।

**कार्यक्रम :** नपं में सुशासन दिवस अतिथियों ने गिनाई स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की उपलब्धियां

# सब मिलकर नगर और समाज के विकास के लिए करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, कुंवर निवेंद्र सिंह टेकाम, जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा जसराज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री संदीप जैन, मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व एल्डरमैन यतेंद्र देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष गेंदमल भंसाली, सांसद प्रतिनिधि इकबाल अरोरा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम भंसाली, सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टांक, पूर्व मंडल महामंत्री महेंद्र जायसवाल, जिला मंत्री महिला मोर्चा एवं पार्षद सुभद्रा टांडेकर, पार्षद माया जयेश ठाकुर, पार्षद अम्बिका निषाद, पार्षद रहिमत कोसमा, पार्षद दसोदा भुआर्य, पार्षद अनिता साहू, पार्षद शोभा राजपूत, भाजयुमो नेत्री सुश्री आरती संचेती, भाजयुमो नेता पलाश गुप्ता, भाजयुमो नेता धर्मेन्द्र निषाद, धीरज जैन, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा हितेंद्र गायकवाड़, जीवराखन कौमार्य, दिलीप बाफना, राजेन्द्र देवांगन, हीरा ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीताम्बर साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश प्रधान ने किया। तदुपरांत मंचस्थ अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया।

मुख्यातिथि की आसन्दी से बोलते हुए जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में ईमानदारी से शासन चलाकर देश को बताया कि बगैर बेईमानी के भी शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है तथा ईमानदारी से शासन कर देश की जनता तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जा सकती है। इसीलिए स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के पुण्यतिथि पर इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हम सभी को शपथ लेना है कि हम सभी मिलकर नगर तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे ने कहा कि भाजपा सरकार ही लोगों के समृद्धि तथा विकास के लिए काम करती है। प्रत्येक व्यक्ति का जीवन स्तर ऊपर आये इस दिशा में काम करती है। लोगों को आवास, गैस कनेक्शन, घर घर जल, मुफ्त चावल ऐसी अनेक योजनाएं है, जो भाजपा सरकार लायी है जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। अध्यक्षीय उदबोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने कहा कि हमने मिलकर नगर पंचायत का विकास किया है आगे भी आप सभी के सहयोग से नगर विकास का काम करना है। नगर के विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करें।



**कार्यक्रम में ये उपस्थित**

कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, मंडल कोषाध्यक्ष गेंदमल भंसाली, सांसद प्रतिनिधि इकबाल अरोरा सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकरी राकेश प्रधान, उपअभियंता भानुप्रताप घोष, लेखपाल अमित श्रीवास्तव, पंकज चंद्राकर, भानु पटेल, सुभाष श्रीवास्तव, श्री पटेल, ईश्वर कुमार, पुरषोत्तम चंद्राकर, रामगुलाल सिन्हा, प्रकाश कुमार, दिल्लू राम, गोविंद उइके सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में शुरू करें पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ जन्म–मृत्यु पंजीयन के संबंध में हुई जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

जन्म–मृत्यु पंजीयन के संबंध में जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास के अलावा जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति के सदस्य सचिव एवं उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी एसके बंजारे सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा प्रतिमा ठाकरे झा सहित सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. आरके श्रीमाली, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, उप पंचायत संचालक आकाश सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विपीन जैन सहित अंतर्विभागीय समन्वय समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में जिला रजिस्ट्रार एवं उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी एसके बंजारे ने बताया कि बालोद जिले में 437 ग्रामीण, 08 नगरीय, 233 शा स की य अस्पताल व 01 बी ए स पी अस्पताल इस तरह कुल 679 जन्म–मृत्यु पंजीयन इकाईयां हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंजीयन इकाईयों में आरजीआई सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंजीयन कार्य हो रहा है। जिसके अंतर्गत 08 नगरीय निकाय, 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 135 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 01 जिला अस्पताल, 01 बीएसपी अस्पताल एवं 437 ग्राम पंचायतों में ऑनलाईन पंजीयन कार्य जारी है। इसी प्रकार जिले के 679 पंजीयन इकाईयों में से 618 पंजीयन इकाईयों में ऑनलाईन पंजीयन कार्य निरंतर जारी है।

# संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



■ सरस्वती शिशु मंदिर गंजपारा में किया जा रहा है नैपुण्य वर्ग का आयोजन

संस्कृत भारती द्वारा गंजपारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक संस्कृत कार्यकर्ताओं के विकास के लिए नैपुण्य वर्ग का आयोजन किया गया है। जिसमें पूरे प्रदेश से संस्कृत भारती के कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संस्कृत के क्षेत्र में संस्कृत भाषा के विकास एवं प्रचार प्रसार हेतु संस्कृत भारती संगठन न केवल छत्तीसगढ़ में अपितु पूरे भारत सहित विश्व के अनेक देशों को संस्कृत भाषा की महत्ता एवं वैज्ञानिकता से यह संगठन परिचय कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। संस्कृत भारती सामाजिक संगठन हैं, जो अपने विभिन्न आयामों द्वारा सामाजिक समरसता, सामाजिक मूल्यों को संस्कृत द्वारा बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। जिसमें संस्कृत संभाषण के साथ ही कुटुंब प्रबोधन, बाल संस्कार केंद्र, गीता शिक्षण, स्त्रेत पाठ आदि आयामों द्वारा सामाजिक एकता के लिए, संयुक्त परिवार की एकता के लिए कार्य कर रहा है। संस्कृत भारती का कार्य छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में है, इसका प्रमुख कार्य संस्कृत संभाषण के द्वारा संस्कृत जन भाषा बनाने के उद्देश्य को चरितार्थ करना है क्योंकि भारत की मूल भाषा संस्कृत है। यह सभी भाषाओं की जननी है। इसी भाषा में वेद, पुराण, उपनिषद, आयुर्वेद, धनुर्वेद, योग, वास्तु शास्त्र इत्यादि का अमूल्य ज्ञान भंडार सुरक्षित है। संस्कृत भारती का मानना है कि भारतीय समाज जब संस्कृत की ओर लौटेगा तभी विश्व गुरु बन पाएगा। संस्कृत भाषा को बिना अपनाए विश्व गुरु बनाना कठिन होगा। इन्हीं सभी उद्देश्यों को लेकर संस्कृत भारती संस्कृत संभाषण का आंदोलन कर रही है। छत्तीसगढ़ में विगत 25 वर्षों से संस्कृत भारती लोगों को संस्कृत सीखा रही है। आज छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे परिवार हैं, जो पूर्ण रूपेण संस्कृत भाषी परिवार हैं, वहां आबाल वृद्ध शिक्षित, अशिक्षित सभी संस्कृत में ही बात करते हैं। इसी लक्ष्य को और मजबूती प्रदान करते हुए बालोद सरस्वती शिशु मंदिर गंजपारा संस्कृत भारती द्वारा कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास के लिए यह अभ्यास वर्ग आयोजित है। जिसमें प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र सिंह सेंगर, प्रांत मंत्री डॉ दादू भाई त्रिपाठी, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार, प्रवीण झाड़ी, प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, डॉक्टर वैभव बसंत कान्हे, उमेश चंद्राकर, राकेश तिवारी, चमन लाल कलिहारी, टीभू राम गंगबेर, पुरुषोत्तम देशमुख, पुर्णोत्तम साहू, मेघनाथ साहू, तुलसी डोंगरे, लीलाधर साहू, वीर सिंह ठाकुर, देवेंद्र साहू एवं प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित है। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन नरेंद्र साहू कर रहे हैं।

# ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच रहीं शासन की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



■ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नागरिकों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 340 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 61 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 15 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 63 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 61 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 07 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम चारवाही एवं पीपरछेड़ी और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संबलपुर क एवं खमतराई तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर एवं डौकीडीह में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम चारवाही, ग्राम पीपरछेड़ी, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संबलपुर क, ग्राम खमतराई, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर, डौकीडीह में आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड , प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लोगों को लाभान्वित किया गया।

### कोटगांव में मड़ई लगेगी 7 जनवरी को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम कोटगांव मे नए वर्ष के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी विजय ठाकुर तिलक ठाकुर ने दी।

# भगवान की कथा अवश्य सुनें : पं. मनोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

■ दानीटोला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा जारी

अगर किसी को प्रणाम करना है तो चरण छूकर प्रणाम करना चाहिए, क्योंकि चरण में मां लक्ष्मी का वास होता है। सुबह उठकर सबसे पहले माता–पिता को प्रणाम करने से पुण्य की प्राप्ति होती है क्योंकि यही हमारे पहले गुरु और मार्गदर्शक है।

उक्त बातें ग्राम दानीटोला में चल रही भागवत कथा में सोरिद नगर धमतरी से आए पंडित मनोज दुबे महाराज ने कही। पंडित मनोज दुबे ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार की कथा का प्रसंग सुनाते हुए भक्तों से कहा कि जब जीवन में संकट आता है, तो कोई साथ नहीं देते, केवल भगवान ही उसकी पुकार सुनते हैं। इसलिए परमात्मा ही अपने सगे हैं। हमें परमात्मा की शरण में रहना चाहिए। गजेंद्र मोक्ष का कथा सुनने से जीवन में आने वाली परेशानी बोझ कम होता है। इस संसार के प्राणियों को माया, काया, छल, कपट, बुराई नशापान इन सबसे बचकर रहना चाहिए, यह सब विनाशक जहर है। इसका परिणाम केवल दुख ही होता है।

पंडित मनोज दुबे ने कहा कि जिस स्थान पर भागवत कथा की धारा प्रवाहित हो रही है, उस स्थान पर जरूर जाना चाहिए, भगवान की कथा सुनना चाहिए। इससे दुख पीड़ा सबसे छुटकारा मिलता है। सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करने से जीवन की सारी कठिनाइयां दूर होती

**सत्य के मार्ग पर चलने से मिलती है सुख-शांति**



कथावाचक पंडित मनोज दुबे ने कहा कि असत्य का रास्ता बड़ा भयंकर विनाशकारी होता है। इसलिए सदैव धर्म का पालन करते हुए सत्य के मार्ग पर चलने से सुख शांति बना रहता है। कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा जब भी ग्रहण काल रहता है तो अपने गुरु के द्वारा दिए गए मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए, भगवान का स्मरण करना और ब्राह्मणों को दान करना चाहिए, जिससे आए हुए प्रदोष काल से सुरक्षित रहता है। भागवत कथा का आयोजन में समस्त ग्रामवासी एवं हीरामन साहू,तुलसी साहू, नोगेश साहू, रूपेश साहू, भूपेंद्र साहू, रेणुका साहू का सहयोग है।





